BRITISH COLUMBIA

# पृष्ठभूमि 6

तुरंत जारी करने हेतु

वित्त मंत्रालय

2021FIN0023-000744

20 अप्रैल, 2021

**मेल-मिलाप बढ़ाने के लिए सहायता-साधनों के लिए माली मदद द्वारा फ़र्स्ट नेशनज़ से सहयोग**

सरकार और मूलवासी लोगों के दरम्यान मेल-मिलाप बढ़ाने के कार्य के लिए, यह सुनिश्चित करने के लिए कि मूलवासी लोग आर्थिक पुन:प्राप्ति में पूरी तरह भाग ले सकें और मूलवासी लोगों के अधिकारों के बारे में घोषणा एक्ट को लागू करने के लिए सहयोग करना जारी रखें, बजट 2021 में पूरी सरकार के लिए माली मदद का प्रबंध किया गया है।

बजट 2021 में मूलवासी संपर्क और मेल-मिलाप मंत्रालय के लिए वार्षिक माली मदद में $60 मिलियन की बढ़ोतरी की गई है, जिस से विशेष-कार्य समर्पित माली मदद मुहैया होगी जिस से भूमि और स्रोत से संबंधित गतिविधियों, समझौता वार्ताओं और विधान, नीति और प्रोग्रामों के बारे में विचार-चर्चा में मूलवासी सहभागिता को मज़बूती मिलेगी। डिक्लेरेशन एक्ट के अनुरूप मेल-मिलाप बढ़ाने के लिए स्थिर माली मदद बेहद महत्वपूर्ण है और इस से प्रांतीय सरकार, फ़र्स्ट नेशनज़ और उद्योग के दरम्यान संबंध और सहयोग-आधारित कार्य आगे बढ़ेंगे।

प्रमुख मंत्रालयों में बजट 2021 के द्वारा नए ओहदे शामिल किए जाएंगे ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वह मेल-मिलाप समझौते, जिन में भूमि के हस्तान्तरण और डिक्लेरेशन एक्ट को लागू करना भी शामिल है, और जिन पर प्रांतीय सरकार और फ़र्स्ट नेशनज़ ने मिल कर हस्ताक्षर किए हैं, को लागू करने का काम संपन्न करने के लिए अपेक्षित स्टाफ मौजूद हो। मूलवासी संपर्क और मेल-मिलाप, और जंगलात, भूमि, कुदरती स्रोत संचालन और ग्रामीण विकास के मंत्रालयों में 30 नए ओहदे बनाने में मदद देने के लिए बजट 2021 में $6 मिलियन प्रति वर्ष रखे गए हैं।

उच्च माँग वाली नौकरियों में रोज़गार के नए अवसरों के लिए तैयारी करने के लिए प्रोग्रामों तक पहुँच करने के लिए मूलवासी लोगों की सहायता करने के लिए बजट 2021 में हुनर और प्रशिक्षण में बेहद ज़रूरी निवेश करना जारी रखा गया है। इस में 2021-22 में $17 मिलियन रखे गए हैं, जिस से स्ट्रॉन्गर बी सी आर्थिक पुनःप्राप्ति योजना और बजट 2020 में किए गए पूर्व निवेशों में बढ़ोतरी की गई है।

मूलवासी समुदाय हुनर प्रशिक्षण और शिक्षा प्रोग्राम को $15 मिलियन दिए गए हैं ताकि 1,000 से अधिक वह मूलवासी लोग, जिन का रोज़गार कोविड-19 से प्रभावित हुआ था, को हुनर प्रशिक्षण और शिक्षा प्रोग्रामों तक पहुँच कर सकने के समर्थ बनाया जा सके।

इस के इलावा, एबोरिजिनल हेड स्टार्ट प्रोग्राम के लिए $20 मिलियन की नई माली मदद मुहैया कराई जा रही है, जो मूलवासी परिवारों के लिए नि:शुल्क, साँस्कृतिक लिहाज़ से उचित बाल-संभाल प्रदान करता है।

बजट 2021 में मूलवासी लोगों के लिए साँस्कृतिक लिहाज़ से सुरक्षित स्वास्थ्य सेवाओं को मज़बूती देने के लिए $59 मिलियन रखे गए हैं, जो स्वास्थ्य-संभाल व्यवस्था तक एक ही जैसी पहुँच सुनिश्चित करने के लिए और स्वास्थ्य और तंदुरुस्ती को उभारने के लिए बेहद ज़रूरी है। इस में पूरे बी सी में मूलवासी लोगों के लिए मानसिक स्वास्थ्य और व्यसनलिप्तता से संबंधित नियोजित सेवाएं मुहैया करवाने के लिए फ़स्ट नेशनज़ स्वास्थ्य अधिकरण के लिए $14 मिलियन रखे गए हैं और स्वास्थ्य अधिकरणों के अंतर्गत अधिक साँस्कृतिक सुरक्षा और नम्रता प्रशिक्षण एवं मूलवासी संपर्क व्यक्ति मुहैया करा के प्लेन साइट रिपोर्ट की सिफ़ारशों को लागू करने के लिए तीन वर्षों के दौरान अतिरिक्त $45 मिलियन रखे गए हैं।

बजट के इलावा, पतझड़ की 2020 स्ट्रॉन्गर बी सी आर्थिक पुनः प्राप्ति योजना में मेल-मिलाप बढ़ाने के लिए और एक अधिक समावेशी अर्थव्यवस्था का निर्माण करने के लिए महत्वपूर्ण माली मदद रखी गई थी, जिस में शामिल है:

- कुनेक्टिंग ब्रिटिश कोलंबिया प्रोग्राम और कैनेडा सरकार की यूनिवर्सल ब्रॉडबैंड निधि द्वारा हाईवे16 पर प्रिंस रुपर्ट से प्रिंस जॉर्ज तक सेलुलर सेवा में सुधार करने के लिए $45 मिलियन प्रदान किए जाएंगे, जिस से हाईवे को सुरक्षित बनाने की एक बेहद ज़रूरी सिफ़ारिश पूरी हो जाएगी और मूलवासी महिलाओं और लड़कियों के विरुद्ध हिंसा को रोकने में मदद मिलेगी।
- बी सी इंडिजिनस टूरिज़्म रिकवरी निधि द्वारा स्थानिक मूलवासी पर्यटन में मदद देने के लिए $5 मिलियन, जो पर्यटन उद्योग के सभी पहलूओं में मदद करने के लिए अंतर-सरकारी प्रयास का हिस्सा है।
- रुरल इकनॉमिक रिकवरी ग्रांटों ($20 मिलियन) में निर्माण कार्यों के द्वारा तुरंत रोज़गार पैदा करने में मदद करने के लिए मूलवासी और स्थानिक सरकारों के लिए माली मदद शामिल है।
- समुदायों को जानकारी, सहायता-साधनों और कार्यवाही हेतु प्रशिक्षण से आपस में जोड़ने के लिए, और नस्लवाद एवं घृणा की घटनाओं को रोकने के लिए एंटी-रेसिज़्म रीस्टार्ट एंड रिकवरी प्रोग्राम के लिए $1.9 मिलियन।

- बी सी की तट-रेखाओं की साफ़-सफ़ाई करने के लिए ($14.8 मिलियन) और लगभग 70 वाटरशेड और वेट्टलैंड उपक्रमों के लिए ($27 मिलियन), समुदायों, फ़स्ट नेशनज़ और टूर संचालकों को सहायता देने के लिए पर्यावरण से संबंधित प्रयासों में माली मदद देना शामिल है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि बी सी का पानी सेहतमंद रहे और बदलते जलवायु के अनुरूप ढलता रह सके।

ग्रामीण, दूरवर्ती और मूलवासी भाईचारों में ओवरडोज़ के प्रति कार्यवाही और जागरूकता को $1 मिलियन की रोकथाम ग्रांटों के द्वारा मज़बूत बनाया जाएगा। इस के द्वारा फ़स्ट नेशनज़ और मैटिस युवकों, और पोस्ट-सेकंडरी छात्रों के लिए जीवन- रक्षक विधियों और मानसिक स्वास्थ्य-संभाल का दायरा बढ़ाने के लिए 2020-21 के $2.3 मिलियन के निवेशों में बढ़ोतरी की गई है। एक ग्रामीण, दूरवर्ती और मूलवासी कोविड-19 ढांचा स्थापित किया गया था ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि लोगों की उस स्वास्थ्य-संभाल तक पहुँच हो सके जिस की उन को ज़रूरत हो।

**मेल- मिलाप प्रति कार्यवाही**

प्रांतीय सरकार और मूलवासी लोग स्व-निर्धारण योग्य, स्वस्थ और बी सी में ख़ुशहाल मूलवासी समुदायों के लिए निरंतर एक सहभाजी दूरदर्शिता के लिए बुनियाद का निर्माण करते आए हैं।

सितम्बर 2020 में हस्ताक्षर किए गए एक दीर्घ-कालीन समझौते के तहत फ़स्ट नेशनज़ को प्रांतीय गेमिंग आमदनी में से 7% का वार्षिक हिस्सा मिल रहा है। इस समझौते द्वारा बी सी फ़स्ट नेशनज़ को 25 वर्षों के दौरान $3 बिलियन के बराबर मुहैया होने की आशा है, जिस से उन के समुदायों के लिए आवश्यक सेवाओं में दीर्घ-कालिक निवेश करने के लिए माली मदद प्रदान हो सकेगी।

बिलडिंग बी सी: इंडिजिनस हाउसिंग निधि द्वारा, प्रांतीय सरकार 10 वर्षों के दौरान मूलवासी लोगों के लिए, चाहे वह रिज़र्व में या उस से बाहर रहते हों, 1,750 घरों का निर्माण करने के लिए $550 मिलियन का निवेश कर रही है। लगभग 1,110 नए वहन करने योग्य घर मुकम्मल हो चुके हैं या होने वाले हैं, जिन में से 360 के करीब घर रिज़र्व में हैं, जिस से बी सी रिज़र्व में बनने वाले आवास में प्रांतीय आवास फंडों का निवेश करने वाला कैनेडा में पहला प्रांत बन गया है।

बी सी फ़स्ट नेशनज़ जस्टिस स्ट्रेटजी, जिस पर मार्च 2020 में बी सी फ़स्ट नेशनज़ जस्टिस कौंसिल के साथ हस्ताक्षर किए गए थे, न्याय प्रणाली के अंदर मूलवासी लोगों के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए सरकार के सहयोगी कार्य का हिस्सा है। बी सी कौंसिल के साथ मूलवासी न्याय केंद्र बनाने के लिए सहयोग कर रहा है, और यूनिवर्सिटी ऑफ़ विक्टोरिया के नेशनल सेंटर फॉर इंडिजिनस लाज़ के निर्माण के लिए सितम्बर 2020 में माली मदद का ऐलान किया गया था।

सरकार मूलवासी लोगों के साथ शाश्वत रिश्ता कायम करने के लिए प्रतिबद्ध है और इस ने 2019-20 में बहुत से दीर्घ-कालिक समझौतों के द्वारा इस में प्रगति की है, जिस में लेक बैबीन फाउंडेशन एग्रीमेंट और कोस्टल फ़स्ट नेशनज़ मेमोरेंडम ऑफ़ अंडरस्टैंडिंग फॉर रिकॉन्सीलिएशन प्रोटोकॉल 2.0 शामिल हैं।

शहरी इलाकों में रह रहे मूलवासी लोगों को एबोरिजिनल फ्रेंडशिप सेंटरों के लिए माली मदद की शकल में $7.8 मिलियन के द्वारा कोविड-19 की चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए और ज़्यादा सहायता-साधन प्राप्त हो रहे हैं, जिस से व्यक्तियों, युवा परिवारों, अकेले माँ-बाप, युवकों और बुज़ुर्गों को आमने-सामने और ऑनलाइन, मिली जुली सेवाओं द्वारा सहायता मिलना संभव हो रहा है।

**संपर्क:**
वित्त मंत्रालय
मीडिया संपर्क
250 387-5710

---